**विधान परिषद् के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–19 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 19 (क) क्या मुख्यमंत्री बताएंगे कि राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन आने वाली गुलिस्ता कॉलोनी, बंदरियाबाग लखनऊ में जनवरी, 2023 से अक्टूबर, 2023 तक कितने आवासों की मरम्मत/अनुरक्षण के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं? | राज्य सम्पत्ति विभाग के नियन्त्रणाधीन राजकीय कॉलोनी गुलिस्तॉ के सिविल/विद्युत कार्यों हेतु अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड–1 (सिविल/विद्युत), लोक निर्माण विभाग द्वारा जनवरी, 2023 से अक्टूबर, 2023 तक मरम्मत/अनुरक्षण के लिए कुल 26 आगणन स्वीकृति हेतु प्राप्त हुए। |
| (ख) प्राप्त प्रस्तावों में कितने पर धनावन्टन करा दिए गए तथा धनावंटन किए जाने के क्या मानक हैं? | प्राप्त 26 आगणनों में से शासन के विभिन्न आदेशों द्वारा कुल 17 आगणनों के सापेक्ष प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अध्यासियों की मांग पर शासन एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर न्यूनतम आवश्यकता एवं औचित्य के अनुसार प्राथमिकता नियत कर उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के दृष्टिगत आगणनों की स्वीकृति प्रदान की जाती है। |
| (ग) अवशेष प्रस्तावों पर धनावन्टन क्यों नहीं किया गया; उन आवासों हेतु कब तक धनावंटन कर दिया जाएगा? | अवशेष आगणनों को उपर्युक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण न होने के कारण स्वीकृत करने का औचित्य नहीं पाया गया। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**(योगी आदित्य नाथ)**
**मुख्य मंत्री।**